**SET-2**

**Series SGN**

कोड नं.
Code No. **59/2**

रोल नं.
Roll No. | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **16** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **27** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **16** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **27** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# राजनीति विज्ञान

# POLITICAL SCIENCE

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 100*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 100*

**सामान्य निर्देश :**

(i) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

(ii) प्रश्न संख्या **1 – 5** तक प्रत्येक प्रश्न **एक** अंक का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **20** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।

(iii) प्रश्न संख्या **6 – 10** तक प्रत्येक प्रश्न **दो** अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **40** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।

(iv) प्रश्न संख्या **11 – 16** तक प्रत्येक प्रश्न **चार** अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **100** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।

(v) प्रश्न संख्या **17 – 21** तक प्रत्येक प्रश्न **पाँच** अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **150** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।

(vi) प्रश्न संख्या **21** मानचित्र पर आधारित प्रश्न है । इसके उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।

(vii) प्रश्न संख्या **22 – 27** तक प्रत्येक प्रश्न **छः** अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **150** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।

**General Instructions :**

(i) **All** questions are compulsory.

(ii) Questions number **1 – 5** are of **one** mark each. The answers to these questions should not exceed **20** words each.

(iii) Questions number **6 – 10** are of **two** marks each. The answers to these questions should not exceed **40** words each.

(iv) Questions number **11 – 16** are of **four** marks each. The answers to these questions should not exceed **100** words each.

(v) Questions number **17 – 21** are of **five** marks each. The answers to these questions should not exceed **150** words each.

(vi) Question number **21** is a map-based question. Write its answers in your answer-book.

(vii) Questions number **22 – 27** are of **six** marks each. The answers to these questions should not exceed **150** words each.

**1.** 1971 के चुनावों में इन्दिरा गाँधी के नेतृत्व वाली काँग्रेस पार्टी की सफलता के लिए उत्तरदायी मुख्य कारक का आकलन कीजिए । *1*

Assess the main factor responsible for the success of Congress Party led by Indira Gandhi in 1971 elections.

**2.** पूर्वोत्तर भारत की 'सात बहनें' किन सात राज्यों का प्रतिनिधित्व करती हैं ? *1*

'Seven Sisters' of North-East India represent which seven States ?

**3.** भारत में हुए किसी एक ऐसे जन आंदोलन की पहचान कीजिए जो विकास परियोजनाओं एवं उनके प्रभावों से सम्बन्धित था । *1*

Identify any one popular movement of India which was related to the development projects and their effects.

**4.** द्विध्रुवीयता के अंत का मुख्य कारण स्पष्ट कीजिए । *1*

Explain the main reason for the end of bipolarity.

**5.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन 'आसियान शैली' का अर्थ स्पष्ट करता है ? *1*

(अ) वह स्थल मार्ग जो सभी आसियान देशों को आपस में जोड़ता है ।

(ब) यह आसियान देशों के बीच सहयोगात्मक और अनौपचारिक मेल-मिलाप का तरीका है ।

(स) यह आसियान देशों में लोगों के जीने का तरीका है ।

(द) यह वह तरीका है जिसे आसियान देशों ने गठबंधन बनाने के लिए अपनाया था ।

Which one of the following statements explains the meaning of 'ASEAN Way' ?

(a) It is the road that connects all the ASEAN countries.

(b) It is an informal and cooperative interaction among the ASEAN countries.

(c) It is the way people live in ASEAN countries.

(d) It is the way ASEAN countries adopted to form an alliance.

**6.** स्तंभ 'A' में दिए गए तथ्यों का, स्तंभ 'B' के तथ्यों से अर्थपूर्ण मिलान कीजिए : $4\times\frac{1}{2}=2$

| | *स्तंभ 'A'* | | *स्तंभ 'B'* |
|---|---|---|---|
| (a) | दूसरी पंचवर्षीय योजना के योजनाकार | (i) | सी. राजगोपालाचारी |
| (b) | जन संघ के संस्थापक अध्यक्ष | (ii) | सरदार वल्लभभाई पटेल |
| (c) | स्वतंत्र भारत के प्रथम भारतीय गवर्नर जनरल | (iii) | पी.सी. महालनोबिस |
| (d) | स्वतंत्र भारत के प्रथम उप-प्रधानमंत्री | (iv) | श्यामा प्रसाद मुखर्जी |

Match the facts given in Column 'A' with those in Column 'B' in a meaningful way :

| | *Column 'A'* | | *Column 'B'* |
|---|---|---|---|
| (a) | Architect of the Second Five Year Plan | (i) | C. Rajagopalachari |
| (b) | Founder President of Jana Sangh | (ii) | Sardar Vallabhbhai Patel |
| (c) | First Indian Governor General of free India | (iii) | P.C. Mahalanobis |
| (d) | First Deputy Prime Minister of free India | (iv) | Shyama Prasad Mukherjee |

**7.** कोई एक उदाहरण देकर दर्शाइए कि चीन ने भारत के साथ सम्बन्धों को मित्रता से शुरू किया परंतु बाद में दुश्मन बन गया । *2*

Show with the help of any one example that China began its relations with India on a friendly note but later turned to be an enemy.

**8.** बड़े देशों के साथ सैन्य गठबंधन बनाए रखने से, छोटे देश किस प्रकार लाभान्वित हुए ? *2*

How were small countries benefited by having military alliance with big powers ?

**9.** किसी एक उदाहरण की सहायता से दर्शाइए कि प्रौद्योगिकी ने वैश्वीकरण के प्रसार को तीव्रता प्रदान की है । *2*

Show with the help of one example that technology has accelerated the spread of globalisation.

10. रियो सम्मेलन में चर्चित पर्यावरण सम्बन्धी किन्हीं दो मुद्दों का वर्णन कीजिए जिन पर नियमाचार निर्धारित किए गए । *2×1=2*

Describe any two environmental issues on which conventions were produced at the Rio Summit.

11. भारत और चीन के बीच विवाद के किन्हीं चार मुद्दों को स्पष्ट कीजिए । *4×1=4*

Explain any four issues of conflict between India and China.

12. श्वेत क्रांति के एक भाग के रूप में 'ऑपरेशन फ्लड' कार्यक्रम के लाभों का मूल्यांकन कीजिए । *4*

Evaluate the benefits of the programme 'Operation Flood' as part of the White Revolution.

13. भारत की विदेश नीति के एक तत्त्व के रूप में, 'गुट-निरपेक्षता' की नीति की व्याख्या कीजिए । *4*

Explain 'Non-alignment' as an aspect of India's foreign policy.

14. भारतीय किसान यूनियन की किन्हीं चार माँगों का उल्लेख कीजिए । *4×1=4*

Mention any four demands of the Bhartiya Kisan Union.


15. 1980 के दशक के अंतिम वर्षों में, भारत में आए ऐसे किन्हीं दो बड़े बदलावों का वर्णन कीजिए जिनका हमारी आगे की राजनीति पर गहरा प्रभाव पड़ा । *2×2=4*

Describe any two major developments that were to make a long lasting impact on Indian politics since the decade of eighties came to a close.

16. "संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् के स्थायी सदस्यों को दी गई वीटो शक्ति ने संयुक्त राष्ट्र को एक प्रभावशाली और स्थिर संगठन बनाने में सहायता प्रदान की है ।" इस कथन के पक्ष में कोई दो उपयुक्त तर्क दीजिए । *2×2=4*

"Veto power to permanent members of the U.N. Security Council has helped to make the U.N. an effective and stable organisation." Support the statement with any two suitable arguments.

**17.** नीचे दिए गए कार्टून का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए तथा उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :





एरेस, केगल्स कार्टून

(i) कार्टून में दर्शाया गया सैनिक किस देश का प्रतिनिधित्व कर रहा है ?

(ii) सैनिक की वर्दी पर विभिन्न देशों के नाम अंकित करने के कारण का विश्लेषण कीजिए ।

(iii) यह कार्टून विश्व के अन्य देशों को क्या संदेश दे रहा है ? *1+2+2=5*

Study the cartoon given below carefully and answer the questions that follow :




Ares, Cagle Cartoons

(i) Which country is represented by this soldier ?

(ii) Analyse the reason for putting the names of different countries on the dress of the soldier.

(iii) What message does the cartoon convey to other countries of the world ?

**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल* ***दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों*** *के लिए, प्रश्न संख्या 17 के स्थान पर हैं :*

**Note :** *The following questions are for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only, in lieu of Question No. 17 :*

(17.1) 9/11 को आतंकवादी आक्रमण सहने वाले देश का नाम लिखिए ।

(17.2) सार्क की किन्हीं दो विशेषताओं को उजागर कीजिए ।

(17.3) संयुक्त राज्य अमेरिका के वर्चस्व के रास्ते में किसी एक अवरोध की व्याख्या कीजिए । *1+2+2=5*

(17.1) Name the country which faced the terrorist attack on 9/11.

(17.2) Highlight any two features of SAARC.

(17.3) Explain any one constraint on the U.S. hegemony.

**18.** निम्नलिखित उद्धरण का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए तथा उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

सोवियत संघ की 'दूसरी दुनिया' और पूर्वी यूरोप की समाजवादी व्यवस्था के पतन के परिणाम विश्व राजनीति के लिहाज़ से गम्भीर रहे । इससे मोटे तौर पर तीन प्रकार के दूरगामी परिवर्तन हुए और हर परिवर्तन के बहुत सारे प्रभाव हुए ।

(i) सोवियत संघ के पतन का क्या राजनैतिक प्रभाव पड़ा ?

(ii) दूसरी दुनिया और समाजवादी व्यवस्था के पतन के कारण मोटे तौर पर हुए किन्हीं दो दूरगामी परिवर्तनों को उजागर कीजिए ।

(iii) समाजवादी व्यवस्था की किन्हीं दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए । *1+2+2=5*

Study the following passage carefully and answer the questions that follow :

The collapse of the 'Second World' of the Soviet Union and the Socialist systems in Eastern Europe had profound consequences for world politics. Let us note here three broad kinds of enduring changes that resulted from it. Each of these had a number of effects.

(i) What was the political impact of the collapse of the Soviet Union ?

(ii) Highlight any two broad kinds of enduring changes that resulted from the collapse of the Second World and the Socialist system.

(iii) State any two characteristics of the Socialist system.

**19.** निम्नलिखित उद्धरण का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए तथा उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

आज़ादी के तुरंत पहले अंग्रेज़ी-शासन ने घोषणा की कि भारत पर ब्रिटिश प्रभुत्व के साथ ही रजवाड़े भी ब्रिटिश-अधीनता से आज़ाद हो जाएँगे । इसका मतलब यह था कि सभी रजवाड़े ब्रिटिश-राज की समाप्ति के साथ ही कानूनी तौर पर आज़ाद हो जाएँगे । अंग्रेज़ी-राज का नज़रिया यह था कि सभी रजवाड़े अपनी मर्जी से चाहें तो भारत या पाकिस्तान में शामिल हो जाएँ या फिर अपना स्वतंत्र अस्तित्व बनाए रखें ।

(i) 'कानूनी तौर पर आज़ाद' से क्या अभिप्राय है ?

(ii) 'ब्रिटिश प्रभुत्व' का अर्थ स्पष्ट कीजिए ।

(iii) अंग्रेज़ों द्वारा रजवाड़ों को अपनी अधीनता से मुक्त करने के पीछे गुप्त इरादा क्या था ?

*1+2+2=5*

Study the following passage carefully and answer the questions that follow :

Just before Independence it was announced by the British that with the end of their rule over India, paramountcy of the British Crown over Princely States would also lapse. This meant that all these states .... would become legally independent. The British Government took the view that all these states were free to join either India or Pakistan or remain independent if they so wished.

(i) What is meant by 'legally independent' ?

(ii) Explain the meaning to 'paramountcy of the British Crown'.

(iii) Highlight the hidden motive of the British behind declaring the end of their rule over Princely States.

**20.** निम्नलिखित उद्धरण का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए तथा उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

भारतीय संविधान के निर्माताओं को विश्वास था कि सभी राजनीतिक दल लोकतांत्रिक मानकों का पालन करेंगे । उन्हें यह भी विश्वास था कि आपातकाल की स्थिति में भी सरकार अपनी असाधारण शक्तियों का इस्तेमाल विधि के शासन के दायरे में रहते हुए ही करेगी । इसी उम्मीद में सरकार को आपातकाल से जुड़े प्रावधानों के अंतर्गत व्यापक और चहुँमुखी शक्तियाँ दे दी गईं ।

(i) भारत का संविधान बनाने वाले किस संस्था के सदस्य थे ?

(ii) 1975 में घोषित आपातकाल के दौरान, सरकार द्वारा लोकतंत्र के मानकों के उल्लंघन के कोई दो उदाहरण दीजिए ।

(iii) '1975 में घोषित आपातकाल किस सीमा तक न्यायोचित था ?' अपने उत्तर के पक्ष में एक उपयुक्त तर्क लिखिए । *1+2+2=5*

Study the following passage carefully and answer the questions that follow :

The makers of India's Constitution trusted that all political parties would basically abide by the democratic norms. Even during the Emergency, when the government would use extraordinary powers, its use would be within the norms of the rule of law. This expectation led to the wide and open ended powers given to the government in times of Emergency.

(i) Name the body that comprised the makers of the Constitution of India.

(ii) Cite any two examples of violation of democratic norms by the government during the Emergency declared in 1975.

(iii) "How far was the Emergency declared in 1975 justified ?" Support your answer with one suitable argument.

**21.** **भारत** के दिए गए रेखा-मानचित्र में पाँच राज्यों को Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ, Ⓓ तथा Ⓔ द्वारा दर्शाया गया है । नीचे दी गई जानकारी के आधार पर इनकी पहचान कीजिए और अपनी उत्तर-पुस्तिका में इनके सही नाम, प्रयोग की गई जानकारी की क्रम-संख्या तथा सम्बन्धित अक्षर, नीचे दी गई तालिका के रूप में लिखिए :

| प्रयोग की गई जानकारी की क्रम-संख्या | सम्बन्धित अक्षर | राज्य का नाम |
|---|---|---|
| (i) | | |
| (ii) | | |
| (iii) | | |
| (iv) | | |
| (v) | | |

(i) वह राज्य जिसकी स्थापना 1953 में हुई ।

(ii) वह राज्य जिसमें से काट कर छत्तीसगढ़ को बनाया गया ।

(iii) भारत के उत्तर-पूर्व का एक राज्य ।

(iv) वह राज्य जहाँ 1952 से 1967 तक नेशनल काँफ्रेंस का प्रभुत्व रहा ।

(v) उत्तर प्रदेश से काट कर बनाया गया राज्य । *5×1=5*

In the given outline map of the **India**, five states have been marked as Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ, Ⓓ and Ⓔ. Identify them on the basis of information given below and write their correct names in your answer book with the respective serial number of the information used and the concerned alphabet as per the following format :

| Sr. No. of the information used | Concerned Alphabet | Name of the State |
|---|---|---|
| (i) | | |
| (ii) | | |
| (iii) | | |
| (iv) | | |
| (v) | | |

(i) The State which was formed in 1953.

(ii) The State from which Chhattisgarh was carved out.


(iii) A North-Eastern State of India.

(iv) The State where National Conference dominated from 1952 to 1967.

(v) The State which was carved out of Uttar Pradesh.

**भारत का रेखा-मानचित्र (राजनीतिक)**

**Outline Map of India (Political)**



**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए, प्रश्न संख्या 21 के स्थान पर हैं :*

**Note :** *The following questions are for the **Visually Impaired Candidates** only, in lieu of Question No. 21 :*

(21.1) किस राज्य को उत्तर प्रदेश से अलग करके बनाया गया ?

(21.2) 1953 में बने राज्य का नाम लिखिए ।

(21.3) किस राज्य में नेशनल कॉंफ्रेंस का 1952 से 1967 तक प्रभुत्व रहा ?

(21.4) उस राज्य का नाम लिखिए जिससे झारखण्ड को अलग किया गया ।

(21.5) उस राज्य का नाम लिखिए जो 1977 में भारत का एक अंग बन गया । *5×1=5*

(21.1) Which State was carved out of Uttar Pradesh ?

(21.2) Name the State which was formed in 1953.

(21.3) In which State did the National Conference dominate from 1952 to 1967 ?

(21.4) Name the State from which Jharkhand was carved out.

(21.5) Name the State which became a part of India in 1977.

**22.** वर्ष 2005 में, संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों के राष्ट्राध्यक्षों द्वारा बदलते हुए परिवेश में संयुक्त राष्ट्र को अधिक प्रासंगिक बनाने के लिए, सुझाए गए किन्हीं छः कदमों का उल्लेख कीजिए । *6×1=6*

**अथवा**

बाहरी सुरक्षा की पारंपरिक धारणा के किन्हीं तीन तत्त्वों का वर्णन कीजिए । *3×2=6*

Mention any six steps suggested by the heads of all the member-states in 2005 to make the United Nations more relevant in the changing context.

**OR**

Describe any three components of the traditional notion of external security.

**23.** मान लीजिए कि आपके क्षेत्र में किसी बड़े बाँध निर्माण के कारण लाखों लोगों तथा सैंकड़ों गांवों को विस्थापित किया जाना है । ऐसी स्थिति में, आप कोई तीन सुझाव दीजिए जिससे बाँध का निर्माण कार्य भी पूरा हो सके तथा विस्थापित लोगों को कम से कम कठिनाई तथा हानि हो । *3×2=6*

**अथवा**

किन्हीं तीन उदाहरणों द्वारा इस कथन की पुष्टि कीजिए कि सभी क्षेत्रीय आंदोलन अलगाववादी माँगों की तरफ अग्रसर नहीं होते । *3×2=6*

Suppose lakhs of people and hundreds of villages are to be displaced in your area due to the construction of a big dam. Give any three suggestions so that the construction of the dam may be completed and the displaced people face the minimum hardships and harm.

**OR**

Justify the statement that all regional movements need not lead to separatist demands. Give any three examples to support your answer.

**24.** 1971 के चुनावों में काँग्रेस पार्टी को सफलता की ओर ले जाने वाले किन्हीं तीन कारकों का वर्णन कीजिए । *3×2=6*

**अथवा**

1980 में मध्यावधि चुनाव कराए जाने के लिए उत्तरदायी किन्हीं तीन कारकों का वर्णन कीजिए । *3×2=6*

Describe any three factors that led the Congress Party to electoral success in the 1971 elections.

**OR**

Describe any three factors that were responsible for holding mid-term elections in 1980.

**25.** "यूरोपीय संघ एक बहुत ही प्रभावशाली क्षेत्रीय संगठन है ।" इस कथन के पक्ष में कोई तीन उपयुक्त तर्क दीजिए । *3×2=6*

**अथवा**

"भारत ने सदैव अपने सभी पड़ोसी देशों के साथ अच्छे और सहयोगपूर्ण सम्बन्ध रखने का प्रयास किया है ।" कोई तीन उपयुक्त तर्क देकर इस कथन की पुष्टि कीजिए । *3×2=6*

"European Union is a highly influencial regional organisation." Support the statement with any three suitable arguments.

**OR**

"India has always tried to have good and cooperative relations with all its neighbours." Support the statement with any three appropriate arguments.

**26.** महाशक्तियों ने छोटे देशों को अपने गुट में क्यों शामिल किया ? किन्हीं चार कारणों को स्पष्ट कीजिए । $4\times1\frac{1}{2}=6$

**अथवा**

ऐसे कोई चार कारण स्पष्ट कीजिए जिन्होंने सोवियत प्रणाली को लोगों के लिए मैत्रीपूर्ण नहीं रहने दिया । $4\times1\frac{1}{2}=6$

Why did the superpowers have smaller states as their allies ? Explain any four reasons.

**OR**

Explain any four reasons which made the Soviet System unfriendly for the people.

**27.** वैश्वीकरण से होने वाले आर्थिक लाभों के बँटवारे का विश्लेषण इस आधार पर कीजिए कि सर्वाधिक लाभ किसे होता है, कम लाभ किसे मिलता है तथा किसको नुकसान उठाना पड़ता है । $3\times2=6$

**अथवा**

भारत सरकार द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से, पर्यावरण से संबंधित वैश्विक प्रयासों में सहभागिता का मूल्यांकन कीजिए । *6*

Analyse the distribution of economic gains of globalisation on the basis of who gets the most, who gets less and who loses from it.

**OR**

Evaluate the participation of the Indian Government in global efforts through a number of programmes related to environment.